

# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-19 बुधवार, दिनांक-24 जुलाई, 2019 ई० ।

**मान्नीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अपराह्न तक ।**

**[1] प्रश्नकाल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-30 योजना एवं विकास विभाग में स्थानांतरित ।
अल्पसूचित प्रश्न संख्या-30 के स्थानांतरण के उपरान्त आसन से विभाग को दिनांक-26.07.2019 को उत्तर देने का निदेश दिया गया ।

(iii) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 207 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम एवं श्री सुदामा प्रसाद, श्री प्रह्लाद यादव, श्री मो० नेमतुल्लाह एवं श्री मो० नवाज आलम तथा श्री समीर कुमार महासेठ, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी, सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान से अलग-अलग प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव

(ii) श्री अशोक कुमार सिंह (224)

(iii) श्री अशोक कुमार सिंह (203)

(iv) श्रीमती भागीरथी देवी

(v) श्री मो० नवाज आलम

(vi) श्री संजय कुमार तिवारी

(vii) श्री नन्द कुमार राय

(viii) श्री ललन पासवान

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ix) | श्री फैसल रहमान | (x) | श्री सुबोध राय |
| (xi) | श्री प्रह्लाद यादव | (xii) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (xiii) | श्री संजीव चौरसिया | (xiv) | श्री शमीम अहमद |
| (xv) | श्री मिथिलेश तिवारी | (xvi) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (xvii) | श्री अचमित ऋषिदेव | (xviii) | श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी |
| (xix) | श्री राजेन्द्र कुमार | (xx) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव |
| (xxi) | श्री मो० नेमतुल्लाह | (xxii) | श्री बशिष्ठ सिंह |
| (xxiii) | श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता | (xxiv) | श्री यदुवंश कुमार यादव |
| (xxv) | श्री विद्या सागर केशरी | (xxvi) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव |
| (xxvii) | श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह | (xxviii) | श्री रामचन्द्र सहनी |
| (xxix) | श्री मुजाहिद आलम | (xxx) | श्री शिवचन्द्र राम |
| (xxxi) | श्री सत्यदेव राम | (xxxii) | सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान |
| (xxxiii) | श्री सुदामा प्रसाद | (xxxiv) | श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह |
| (xxxv) | श्रीमती अमिता भूषण | (xxxvi) | श्री सरोज यादव |
| (xxxvii) | श्री जिवेश कुमार | (xxxviii) | डा० राजेश कुमार |
| (xxxix) | श्री आलोक कुमार मेहता | (xxxx) | श्री तारकिशोर प्रसाद |

इस दौरान सी०पी०आई०(एम०एल०) के माननीय सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दे पर आसन द्वारा सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र द्वारा अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्या से सदन को अवगत कराया गया ।

**[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-**

(i) माननीय सदस्य श्री भोला यादव एवं अन्य चार सभासदों का दिनांक-16 जुलाई, 2019 से स्थगित तथा सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्रीमती अनिता देवी एवं अन्य आठ सभासदों के आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री मिथिलेश तिवारी एवं अन्य चार सभासदों के सहकारिता विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री मिथिलेश तिवारी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

**[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-**

(i) माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार विद्युत विनियामक आयोग का वित्तीय वर्ष 2016-17 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 02.58 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 1977-78, 1978-79, 1984-85, 1987-88, 1988-89, 1990-91, 1998-99, 1999-2000, 2003-04, 2010-11 एवं 2015-16 के अधिकाई व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग का व्यवस्थापन मुखबंध (गिलोटिन) के माध्यम से हुआ :-**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा बारी-बारी से अधिकाई व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग को सदन में प्रस्तुत किया गया, जो क्रमश: सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**[7] विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक**

**"बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1977-78, 1978-79, 1984-85, 1987-88, 1988-89, 1990-91, 1998-99, 1999-2000, 2003-04, 2010-11 एवं 2015-16) विधेयक, 2019"**

माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विधेयक पर विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरान्त बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बने । तदोपरान्त माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

तत्पश्चात् बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1977-78, 1978-79, 1984-85, 1987-88, 1988-89, 1990-91, 1998-99, 1999-2000, 2003-04, 2010-11 एवं 2015-16) विधेयक, 2019 सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**[8] राजकीय विधेयक**

**बिहार मोटर वाहन करारोपण (संशोधन) विधेयक, 2019**

माननीय प्रभारी मंत्री, परिवहन विभाग श्री संतोष कुमार निराला द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया । माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त खण्डश: विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ एवं श्री रामदेव राय द्वारा विधेयक के खण्ड-2 में दिए गए संशोधन के प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुए तथा बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बनें ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**[9] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 53 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बृहस्पतिवार, दिनांक-25 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-24.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।